# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (23.10.2024)

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR DATE:23.10.2024, PAGE-04**

### ला अधिकारी डा.सत्यप्रकाश राय ने दिया योगदान

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के नए ला अधिकारी डा.सत्यप्रकाश ने मंगलवार को योगदान दिया है। रजिस्ट्रार डा. अपराजिता कृष्णा के समक्ष उन्होंने पदभार ग्रहण किया। प्रो.प्रमोद कुमार, प्रो.ओमप्रकाश राय आदि ने उन्हें बधाई दी है।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 23.10.2024, PAGE-04**

### पार्ट थर्ड की कापियों की कोडिंग पूरी, कल से मूल्यांकन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में टीडीसी पार्ट थर्ड की कापियों की कोडिंग पूरी हो गई है। सबकुछ ठीक रहा तो बुधवार से करीब 3.50 लाख से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू हो जाएगा। इसके लिए पहले ही विश्वविद्यालय की ओर से मूल्यांकन केंद्र का निर्धारण व मूल्यांकन निदेशक की नियुक्ति की जा चुकी है। दूसरी ओर परीक्षा विभाग की ओर से परीक्षकों की सूची तैयार कर लिया गया है। इसे जल्द ही मूल्यांकन निदेशक को सौंपा जाएगा।

बताते हैं कि बुधवार को मूल्यांकन केंद्र पर कापियां भेजी जाएंगी। इसके बाद मूल्यांकन कार्य शुरू हो जाएगा। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया

**बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से केंद्र निर्धारित, पहले कम संख्या वाले उर्दू, पर्शियन व संस्कृत की जांची जाएंगी उत्तरपुस्तिकाएं**

है कि सबसे पहले कम संख्या वाले विषयों की जांच होगी। साथ ही जीएस की कापियों की जांच भी चलेगी ताकि निर्धारित समय पर रिजल्ट जारी किया जा सके। ऐसे में उर्दू, पर्शियन, संस्कृत जैसे विषयों की जांच सबसे पहले की जानी है। इसके बाद कामर्स की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच हो सकती है। दूसरी ओर चार वर्षीय स्नातक के सेकेंड सेमेस्टर की कापियों की जांच भी चल रही है। पार्ट थर्ड व सेकेंड सेमेस्टर की कापियों की जांच करने वाले परीक्षक एक ही हैं। ऐसे में सेकेंड सेमेस्टर में अगर इन विषयों का मूल्यांकन कार्य पूरा हो गया है तो परीक्षकों को पार्ट थर्ड के मूल्यांकन में लगाया जाएगा। अगर वहां अब तक मूल्यांकन शुरू नहीं हो सका है तो उन्हें पहले पार्ट थर्ड के मूल्यांकन के लिए बुलाया जाएगा। विश्वविद्यालय की कोशिश है कि हर हाल में नवंबर के आखिरी तक टीडीसी पार्ट थर्ड का परिणाम जारी कर दिया जाए। त्योहारों की छुट्टी को देखते हुए अगले महीने तक रिजल्ट का प्रकाशन मुश्किल है।

**बीत गई परीक्षा शुरू होने की तिथि, फार्म भी नहीं भरा गया:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र की देरी छात्र-छात्राओं की परेशानी बढ़ने लगी है। कैलेंडर का पालन नहीं हो रहा है। विश्वविद्यालय के कैलेंडर के अनुसार पीजी के सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा बुधवार से ही शुरू होनी थी। परीक्षा तो छोड़िए अब तक फार्म भरने की तिथि भी विश्वविद्यालय की ओर से जारी नहीं हो सकी है। बुधवार को काफी संख्या में छात्र परीक्षा विभाग में पहुंचे। उन्होंने परीक्षा व फार्म भरने की जानकारी ली। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि जल्द ही इसकी तिथि जारी की जाएगी। छात्र मुकेश कुमार ने बताया कि पीजी का सत्र करीब एक वर्ष देरी से चल रहा है। ऐसे में अगर समय पर परीक्षा नहीं होगी तो सत्र में और देरी होगी। पिछले दिनों विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा कैलेंडर जारी करते हुए इसका पालन हर हाल में सुनिश्चित करने की बात कही थी।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 23.10.2024, PAGE-06**

### चार वर्षीय बीएड की काउंसिलिंग शुरू

मुजफ्फरपुर, प्रसं। चार वर्षीय बीएड में दाखिले के लिए मंगलवार से छात्रों की काउंसिलिंग शुरू हो गई। चार वर्षीय बीएड में 400 सीटें हैं जिसके लिए 1196 छात्रों की काउंसिलिंग होनी है। छात्रों की काउंसिलिंग एलएन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में की गई। पहले दिन 1 से 300 रैंक तक के छात्रों की काउंसिलिंग होनी थी। चार वर्षीय बीएड में अभी दाखिले की तारीख जारी नहीं की गई है।

नोडल अफसर प्रो विनय शंकर राय और यूएमआईएस समन्वयक प्रो टीके डे ने बताया कि पहले दिन कला विषय में 55 और विज्ञान विषय के लिए 98 छात्र आए। काउंसिलिंग में सभी छात्रों के सारे दस्तावेज का सत्यापन किया गया।



एलएन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में काउंसिलिंग करवाने पहुंचे विद्यार्थी।

**किस विषय में कितने छात्र-छात्राएं आये**

अंग्रेजी 22, हिन्दी 12, संस्कृत 3, इतिहास 6, भूगोल 5, राजनीति विज्ञान 5, अर्थशास्त्र 2, गणित 20, केमेस्ट्री 16, जूलॉजी 42, भौतिकी 15, बॉटनी 5। 25 अक्टूबर तक सुबह 11 बजे से छात्रों की काउंसिलिंग होगी। छात्रों को रैंक के अनुसार ही काउंसिलिंग में पहुंचना है। पहले दिन जूलॉजी में सीट भर गई। 23 को 301 रैंक वाले छात्रों की काउंसिलिंग होगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 23.10.2024, PAGE-06**

## पैट 2022 का अंतिम रिजल्ट तैयार

**मुजफ्फरपुर।** बीआरएबीयू में पैट 2022 का अंतिम रिजल्ट एक से दो दिनों में जारी होने की उम्मीद है। रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता कृष्ण ने बताया कि रिजल्ट तैयार कर लिया गया है। पैट 2022 की मौखिक परीक्षा सितंबर नें खत्म हो गई थी। इसके बाद रिजल्ट के लिए छात्र इंतजार कर रहे थे।

## थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा से पूर्व जारी होगा सिलेबस

**मुजफ्फरपुर।** बीआरएबीयू में थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा से पहले स्नातक का संशोधित सिलेबस जारी किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि एक से दो दिनों में सिलेबस को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय में बैठक आयोजित होगी। बैठक के बाद इसे कॉलेजों को भेज दिया जाएगा।

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 23.10.2024, PAGE-04**

### बीआरएबीयू. इंटीग्रेटेड बीएड में हुआ नामांकन

# 152 अभ्यर्थियों ने पहले दिन करायी काउंसेलिंग

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू की ओर से इंटीग्रेटेड बीएड में नामांकन को लेकर काउंसेलिंग की प्रक्रिया शुरू हो गयी. ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में सुबह 11 से संध्या पांच बजे तक काउंसेलिंग की प्रक्रिया चली.

इस दौरान कुल 152 अभ्यर्थियों की काउंसेलिंग हुई. पहले दिन मेधा क्रमांक एक से 300 तक के अभ्यर्थियों की काउंसेलिंग होनी थी. 22 से 25 अक्तूबर तक इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स में दाखिले के लिए काउंसेलिंग होनी है. अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्र की जांच की गयी. साथ ही नोडल पदाधिकारी के फेवर में डीडी जमा कराया गया. बताया गया कि पहले दिन 300 तक सीरियल में जो अभ्यर्थी शामिल नहीं हो सके. अब सीट बचने पर मौका दिया जायेगा.

**कल से शुरू हो सकती तृतीय वर्ष की कॉपियों की जांच :** बीआरएबीयू की ओर से गुरुवार से तृतीय वर्ष की कॉपियों की जांच शुरू हो सकती है. कॉपियों की कोडिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है. करीब 3.50 लाख कॉपियों का मूल्यांकन किया जाना है. परीक्षा विभाग की ओर से परीक्षकों की सूची तैयार कर ली गयी है. जिन विषयों में परीक्षार्थियों की संख्या कम होगी. उनकी कॉपियां पहले जांची जाएंगी.

## 22 से थी परीक्षा, अब तक नहीं भरा जा सका फॉर्म

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय का सत्र फिर से बेपटरी होने की ओर अग्रसर है. पीजी सत्र 2023-25 के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 22 अक्तूबर से प्रस्तावित थी. परीक्षा कैलेंडर मे इस तिथि का जिक्र किया गया था, लेकिन अबतक परीक्षा तो दूर फॉर्म भरने की प्रक्रिया भी शुरू नही हो सका है. मंगलवार को कई छात्र-छात्राएं परीक्षा विभाग मे इसकी जानकारी लेने पहुंचे थे. बताया गया था कि इस सत्र के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा अप्रैल-मई मे ली गयी थी. इसके बाद परिणाम जारी करने से पहले ही द्वितीय सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू करा दी गयी. अगले वर्ष दो और सेमेस्टर की परीक्षा होनी है. समय से सत्र को पूरा करने का भी दबाव है. इधर, स्नातक का परिणाम ससमय जारी नही होने के बाद 2024 सत्र मे इसी वर्ष दाखिले की प्रक्रिया शुरू करना भी मुश्किल लग रहा है.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 23.10.2024, PAGE-04**

# शिक्षक के तबादले को लेकर वीसी से मिला छात्र संगठन



कुलपति से मिलते लोहिया कॉलेज छात्र जदयू के नेता.

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

डॉ राममनोहर लोहिया स्मारक महाविद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति, नियमित पठन-पाठन व अतिथि शिक्षक के ट्रांसफर मामले को लेकर मंगलवार को छात्र जदयू के कार्यकर्ताओं ने कुलपति से मुलाकात की.

प्रशाखा पदाधिकारी डॉ आनंद कौशल और डॉ मुकेश कुमार के स्थानांतरण को छात्र नेताओं ने राजनैतिक साजिश बताया. कहा कि यह सामाजिक न्याय पर सीधा हमला है.कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति एक राज्य विशेष के शिक्षकों का मुख्यालय में स्थानांतरण कर रहे हैं. वहीं अन्य शिक्षकों के साथ भेदभाव किया जा रहा है. कहा कि 75 प्रतिशत उपस्थिति के साथ नियमित वर्ग संचालन के साथ ही शिक्षकों का स्थानांतरण नहीं रोका गया तो आंदोलन होगा. मौके पर अभिषेक कुमार गुप्ता, सत्यम कुमार पांडे, सुमन कुमार, उदय कुमार, मो.सरफराज आलम, आकाश कुमार, हरी कुमार, चंदन कुमार, अमन कुमार मौजूद थे.

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE : 23.10.2024, PAGE-02**

# अतिथि शिक्षक और कर्मचारी का तबादला रोकने को कुलपति से मिला छात्र जदयू का प्रतिनिधिमंडल

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर


कुलपति से मिलने पहुंचे छात्र जदयू के प्रतिनिधि।

डॉ. राममनोहर लोहिया स्मारक महाविद्यालय के अतिथि शिक्षक व कर्मचारी का तबादला रोकने और नियमित पठन-पाठन सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर छात्र जदयू का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को कुलपति से मिला। छात्र नेताओं ने कहा कि कॉलेज के प्रशाखा पदाधिकारी डॉ. आनंद कौशल और अतिथि शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार का स्थानांतरण राजनैतिक साजिश के तहत किया गया है। यह सामाजिक न्याय पर सीधा हमला है। छात्र जदयू के विवि अध्यक्ष अभिषेक कुमार गुप्ता ने कहा कि विवि में सामाजिक न्याय से जुड़े शिक्षक-कर्मचारियों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। कुछ चहेतों को मुख्यालय पर पदस्थापित किया जा रहा है। छात्र जदयू का प्रतिनिधिमंडल इसकी शिकायत शीघ्र ही राजभवन से करेगा। कार्रवाई नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। मौके पर सत्यम कुमार पांडे, सुमन कुमार, उदय कुमार, मो. सरफराज आलम, आकाश कुमार, हरी कुमार, चंदन कुमार, अमन कुमार मौजूद थे।

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 23.10.2024, PAGE-02**

# टीडीसी पार्ट थर्ड की कॉपियों का कल से शुरू होगा मूल्यांकन

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में टीडीसी पार्ट थर्ड परीक्षा-2024 की कॉपियों का मूल्यांकन गुरुवार से शुरू होगा। कुछ विषयों की कॉपियों की कोडिंग पूरी हो गई है। साढ़े 3 लाख से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक साथ शुरू होगा। इसके लिए पहले ही विश्वविद्यालय की ओर से मूल्यांकन केंद्र का निर्धारण और मूल्यांकन निदेशक की नियुक्ति की जा चुकी है। परीक्षा विभाग की ओर से परीक्षकों की सूची तैयार कर ली गई है। इसे जल्द ही मूल्यांकन निदेशक को सौंपा जाएगा। बुधवार को मूल्यांकन केंद्र पर कापियां भेजी जाएंगी। इसके बाद मूल्यांकन कार्य शुरू हो जाएगा। विवि की ओर से बताया गया है कि सबसे पहले कम संख्या वाले विषयों की जांच शुरू होगी।

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 23.10.2024, PAGE-02**

अंतर महाविद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता

# वॉलीबॉल में एमडीडीएम ने आरबीबीएम को हराया


आरबीबीएम कॉलेज में खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन करते कुलपति।

मुजफ्फरपुर | विश्वविद्यालय के अंतर महाविद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत मंगलवार को वॉलीबॉल व शतरंज प्रतियोगिता शुरू हुई। इसकी मेजबानी रामवृक्ष बेनीपुरी महिला महाविद्यालय कर रहा है। उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय व शतरंज एसोसिएशन के चेयरमैन मल्लिकजी ने किया। वॉलीबाल का प्रथम मैच आरबीबीएम कॉलेज और एसएनएस कॉलेज के बीच हुआ। दूसरे मैच में एमडीडीएम कॉलेज विजेता और आरबीबीएम कॉलेज उप विजेता रहा। शतरंज प्रतियोगिता का समापन 23 अक्टूबर को होगा। दोनों प्रतियोगिताओं के ऑफिसियल टीम में पारस नाथ गुप्ता, कमल वशीम, विनीत प्रकाश, कुमार, रौबिंस कुमार, राहुल कुमार आदि ने अपने कुशल मार्गदर्शन से छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. ममता रानी ने की। महाविद्यालय की क्रीड़ासचिव डॉ. हेमा कुमारी के निर्देशन में प्रतियोगिता हुई। इस अवसर पर सीसीडीसी डॉ. मधु सिंह, क्रीड़ासचिव डॉ. कांतेश, डॉ. रामदुलार सहनी, डॉ. रजनीश आदि थे। संयोजन डॉ. अभय कुमार ने किया। सह संयोजक के रूप में डॉ. नीलू और डॉ. विनीता ने भूमिका अदा की।